28 मार्च 2026
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



भगवामय बना डुमरांव: श्रीराम, जानकी बैठे है मेरे सीने में... एक ही नारा एक ही नाम... जैसे गीतों से गूंजते रहा शहर

2



## एक नजर

### हिमस्खलन से 7 लोगों की मौत, श्रीनगर-कारगिल हाईवे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हिमस्खलन से बड़ा हादसा हुआ है। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए हिमस्खलन की चपेट में आने से 7 लोगों की मौत हो गई है और 5 लोग घायल हैं। यह हादसा जोजिला दर्रे के निकट हुआ है। हिमस्खलन के बाद श्रीनगर-कारगिल हाईवे बंद हो गया है। स्थानीय पुलिस और आपदा प्रबंधन के जवान रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। पुलिस और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने हादसे की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि बर्फ के नीचे कई गाड़ियां दब गई थीं, जिसके बाद पुलिस और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बचाव अभियान शुरू किया। अब तक 7 शव बरामद हुए हैं और 5 लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। आशंका है कि मलबे में दबी गाड़ियों की वजह से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। घटनास्थल पर रेस्क्यू अभियान जारी है। हादसे का शिकार हुई गाड़ियां जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से कारगिल की ओर जा रही थीं। लद्दाख के उपराज्यपाल ने भी इस हादसे की जानकारी दी है।

### आपदा में महंगे टिकट पर लगाम लगे

**नई दिल्ली।** आरजेडी के राज्यसभा सांसद संजय यादव ने शुक्रवार को राज्यसभा के शून्यकाल में आपदा और संकट के समय एयरलाइंस, एंबुलेंस और ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं में लागू डायनामिक प्राइसिंग पर रोक लगाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जब देश किसी आतंकी हमले, प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना से जूझ रहा होता है तब नागरिक पहले ही भय और असुरक्षा के माहौल में होते हैं लेकिन उसी समय कुछ कंपनियां मुनाफाखोरी का अवसर तलाशने लगती हैं। यादव ने हालिया पहलगाम आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि श्रीनगर से दिल्ली की फ्लाइट का किराया सामान्य 6-8 हजार रुपये से बढ़कर 65 हजार रुपये तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि क्या यह मानवता का व्यापार नहीं है? उन्होंने कहा कि यह समस्या एक घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि हर संकट के समय ऐसा पैटर्न देखने को मिलता है जितना अधिक डर, उतना अधिक दोहन।

# प्री-मानसून मचाएगा खलबली : अगले चार दिन होगी धुआंधार बारिश

- इकई राज्यों में अचानक बदलते मौसम से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत
- तेज हवाएं, बिजली गिरने और ओले पड़ने की आशंका के चलते आने वाले दिन चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिमी विक्षोभ ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, आने वाले चार दिन देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। जी हां, 28 से 31 मार्च के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। वहीं दिल्ली और राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है।वहीं मैदानी भागों के राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित कई क्षेत्रों में गरज-चमक, तेज हवाओं के साथ हल्की से तेज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है।मौसम में यह बड़ा बदलाव और चक्रवाती परिसंचरणों की सक्रियता की वजह से हो रहा है, जिसका असर उत्तर-पश्चिम से लेकर मध्य, पूर्वी और दक्षिण भारत तक देखने को मिल रहा है।मौसम विभाग के मुताबिक, कई राज्यों में अचानक बदलते मौसम से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। तेज हवाएं, बिजली गिरने और ओले पड़ने की आशंका के चलते आने वाले दिन चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।



### राजस्थान से लेकर छत्तीसगढ़ तक राज्यों में कैसा रहेगा मौसम का हाल

राजस्थान के पश्चिमी और पूर्वी भागों में शुक्रवार से ही बादलों का मौसम हो गया है। अगले चार दिन तक छिटपुट से लेकर मध्यम स्तर की बारिश का मौसम रहेगा। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और तेज आंधी चलने की आशंका भी है।दिल्ली-एनसीआर में आशिंक रूप से बादल छाए रहेंगे और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होगी।

### पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी

आइएमडी ने उत्तर-पूर्वी भारत और सटे पूर्वोत्तर भारत में 28 से 31 मार्च तक छिटपुट से लेकर व्यापक हल्की-मध्यम बारिश, असम-मेघालय में ओलावृष्टि और आंधी तथा सिक्किम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में छिटपुट व भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।उत्तरपश्चिम भारत में प्री-मानसून तेवर दिखाएगा। ऐसे में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि 28, 29, 30 और 31 मार्च को राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कई जगह भारी बारिश होगी। इस दौरान कई जगह हल्की बारिश का भी अलर्ट है। मौसम विभाग ने इस दौरान बिजली गरजने, धूल भरी आंधी चलने 30-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अलर्ट जारी किया है।उत्तरीपूर्व भारत में भी प्री-मानसून तेवर दिखाएगा। ऐसे में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि असम, मिजोरम मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा और नागालैंड में भारी बारिश होगी। इस दौरान बिजली गिरने का भी अलर्ट है।

## पीएम मोदी की राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक, तैयारियों की हुई समीक्षा

# भारत के पास 60 दिनों का ईंधन उपलब्ध: प्रधानमंत्री



- यह पहली बार है, जब पीएम ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। यह बैठक डिजिटल माध्यम से हुई। बैठक में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान पीएम ने बताया कि देश के पास 60 दिनों का ईंधन उपलब्ध है। लोगों से ईंधन की कमी से जुड़ी अटकलों पर ध्यान न देने की अपील की गई। सरकार ने पुष्टि की कि देश की ऊर्जा आपूर्ति स्थिर और अच्छी तरह प्रबंधित है और मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। वहीं आदर्श आचार संहिता के कारण चुनावी राज्य इस बैठक में शामिल नहीं हुए। चुनावी राज्यों के मुख्य सचिवों के लिए एक अलग बैठक होगी, जो कैबिनेट सचिवालय के माध्यम से की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, डिजिटल माध्यम से यह बैठक टीम इंडिया की भावना के तहत राज्यों और केंद्र के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने 28 फरवरी को अमेरिका-इस्राइल के ईरान पर हमले से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ इस तरह की बैठक की। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने खाड़ी पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले किए।बैठक में आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, पंजाब के भगवंत मान, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू सहित कई मुख्यमंत्री शामिल हुए।

### संकट पर पहले हुई थी सर्वदलीय बैठक

सरकार ने 25 मार्च को पश्चिम एशिया की स्थिति पर राजनीतिक दलों के नेताओं को जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक भी की थी, जिसमें स्थिति से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी गई। 23 मार्च को लोकसभा में बयान देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि पश्चिम एशिया संघर्ष से पैदा हुई वैश्विक परिस्थितियां लंबे समय तक बनी रह सकती हैं और उन्होंने देश से एकजुट और तैयार रहने का आह्वान किया था, जैसे कोविड-19 महामारी के दौरान रहा था।

### भारत के पास 60 दिन का ईंधन

इससे पहले सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया था कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, कच्चे तेल की आपूर्ति अगले लगभग दो महीने के लिए पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल बाजार कंपनियों ने पहले से ही आयात की व्यवस्था कर ली है, जिससे आपूर्ति में निरंतरता बनी रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के बावजूद भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल खरीद रहा है, जिससे किसी एक मार्ग या क्षेत्र पर निर्भरता कम हो जाती है।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फिर साधा चुनाव आयोग पर निशाना

- एसआईआर की पहली पूरक सूची प्रकाशित करने की दी चुनौती



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा। राज्य में एसआईआर अभ्यास के तहत मतदाताओं की दूसरी पूरक सूची जारी होने के दिन मुख्यमंत्री मतदाताओं की पहली पूरक सूची सार्वजनिक न करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।उन्होंने कहा, लोग जल्द ही इस तरह के मनमाने फैसलों पर जवाब मांगेंगे। कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, भगवान की चक्की धीमी चलती है। लेकिन चलती पक्की है। मैं यह बात राम नवमी के दिन कह रही हूं। लोग इसका जवाब देंगे। विचाराधीन नामों की पहली पूरक सूची 23 मार्च को ऑनलाइन जारी की गई थी। लेकिन इसमें हटाए और जोड़े गए नामों की संख्या आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई। हालांकि, चुनाव आयोग के सूत्रों ने दावा किया कि अब तक जांच की गई 32 मतदाताओं में से करीब 40 फीसदी को सूची से हटा दिया गया है। यानी करीब 13 लाख अतिरिक्त नाम हटाए गए हैं, जिससे कुल हटाए गए मतदाताओं की संख्या करीब 76 लाख हो गई है। राज्य में मतदाता सूची का एसआईआर 7.6 करोड़ से अधिक मतदाताओं के साथ हुआ था, जिनमें से अब तक करीब 10 फीसदी नाम हटाए जा चुके हैं और वर्तमान संख्या लगभग 6.8 करोड़ रह गई है। बनर्जी ने कहा, अब जो हो रहा है, वो सुपर हिटलर के कारनामों को भी पीछे छोड़ देगा। यह पूरी कवायद (एसआईआर अभ्यास) भाजपा की गायब करने वाली मशीन बन गई है। ये लोग लोकतंत्र और जनता के अधिकारों को नष्ट कर रहे हैं।

# चुनाव से पहले मुर्शिदाबाद में दो गुटों में झड़प

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर और रघुनाथगंज में शुक्रवार को रामनवमी के जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच झड़प हो गई, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुकानों में लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई हैं। वहीं कई लोगों के घायल होने की जानकारी भी सामने आई है। पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक रूप में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और आसपास की संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया। हालात बिगड़ते देख पुलिस और सुरक्षा बलों को तुरंत मौके पर तैनात किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। एहतियात के तौर पर इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और लगातार गश्त जारी है। संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया गया है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में रामनवमी के जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर झड़प हो गई, जिसमें दुकानों और प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं शामिल थीं।






# कृष्णाब्रह्म थाने का एसपी ने किया निरीक्षण, महकमे में मची हलचल



**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को कृष्णाब्रह्म थाना उस समय सक्रियता के केंद्र में आ गया, जब पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शाम करीब चार बजे थाना पहुंचे एसपी को पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने सीधे थाना परिसर की कार्यप्रणाली का गहन जायजा लेना शुरू किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के कार्यालय कक्ष में बैठकर एक-एक दस्तावेज और रजिस्टर की बारीकी से जांच की। उन्होंने गुंडा रजिस्टर, सीडी पार्ट टू, फरारी पंजी, गिरफ्तारी पंजी और हाजत पंजी सहित कई महत्वपूर्ण अभिलेखों को खंगाला। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के संधारण और अद्यतन स्थिति को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

एसपी शुभम आर्य ने स्पष्ट तौर पर कहा कि लंबित वारंटों का शीघ्र निष्पादन प्राथमिकता में रखा जाए और फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने शराब तस्करी और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर थानाध्यक्ष को सख्त और प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में कई घंटों तक गतिविधियां तेज रहीं। एसपी ने पुलिस कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और कार्यशैली में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया। उनके सख्त तेवर और स्पष्ट निर्देशों से यह संदेश साफ गया कि कानून-व्यवस्था के मामले में किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

निरीक्षण के उपरांत एसपी जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर डुमरांव डीएसपी पोलस्त कुमार, ब्रह्मपुर अंचल निरीक्षक ओम प्रकाश कुमार, थानाध्यक्ष रवि कुमार, अवर निरीक्षक भरत यादव, केडी राम, एएसआई अनिल कुमार सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# स्विफ्ट में सवार बदमाशों की खुलेआम फायरिंग पुलिस ने घेरकर दो को दबोचा, एक फरार





- सिसौंधा के पास दहशत फैलाने की कोशिश नाकाम, कार से लोडेड 9 एमएम पिस्टल और चार खोखे बरामद
- डीएसपी ने खुद संभाली जांच की कमान, फरार आरोपी की तलाश तेज

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के धनसोई थाना क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक स्विफ्ट कार में सवार अपराधियों ने इलाके में फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की। हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। पीछा कर दो बदमाशों को मौके से दबोच लिया गया, जबकि एक आरोपी अफरातफरी का फायदा उठाकर फरार हो गया।

घटना सिसौंधा गांव के पास की है, जहां स्थानीय लोगों ने अचानक गोलियों की आवाज सुनी। इससे इलाके में दहशत फैल गई। इसी बीच धनसोई पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध स्विफ्ट कार में सवार अपराधी फायरिंग करते हुए गुजर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार ने बिना देर किए टीम के साथ इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी।

पुलिस को देखते ही कार सवार बदमाशों में भगदड़ मच गई। वे गाड़ी को सड़क किनारे छोड़कर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने तेजी दिखाते हुए दो आरोपियों को मौके से ही पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान श्याम कुमार उर्फ लड्डू यादव और गोलू कुमार के रूप में हुई है, जो सिसौंधा टोला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कार की तलाशी के दौरान पुलिस को एक लोडेड 9 एमएम पिस्टल बरामद हुई, जो इस बात की पुष्टि करती है कि बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास से चार खाली खोखे भी मिले हैं, जिससे साफ है कि फायरिंग की घटना वास्तविक थी और इलाके में डर का माहौल बनाने की कोशिश की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर डीएसपी गौरव कुमार पांडेय खुद धनसोई थाना पहुंचे और पूरे मामले की कमान संभाली। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनका संबंध किसी बड़े गिरोह से तो नहीं है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और रात में गश्त भी तेज कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है, जिससे एक संभावित बड़ी वारदात टल गई।

फिलहाल पुलिस इस मामले को संगठित अपराध के एंगल से भी जांच रही है, ताकि यह साफ हो सके कि फायरिंग के पीछे असली मकसद क्या था सिर्फ दहशत फैलाना या अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे थे।

## एक नजर

### रामनवमी पर गूंजे भक्ति के स्वर मंदिरों में हुआ भव्य आयोजन



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को रामनवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न गांवों के मंदिरों में पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।दंगौली स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में दोपहर 12 बजे जैसे ही घंटे-घड़ियाल बजे, पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला दीन दयाला के भक्ति गीतों से गूंज उठा। मंदिर के व्यवस्थापक राम किंकर सिंह उर्फ भिखारी सिंह के नेतृत्व में भगवान राम का जन्मोत्सव विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा रामपुर, केसठ, डिहरा, कतिकनार, दसियांव सहित अन्य गांवों में भी श्रद्धालुओं ने रामनवमी के अवसर पर हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, असुरों के राजा रावण के वध के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सातवां अवतार लिया था। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अयोध्या के राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या के गर्भ से भगवान राम का जन्म हुआ था। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष रामनवमी का पर्व मनाया जाता है।इस अवसर पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, धरनीधर सिंह, मुरलीधर सिंह, भानु सिंह, राजीव रंजन सिंह, विवेक जी, शिवेंद्र सिंह, सक्षम सिंह, कान्हा जी समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नव-निर्मित बजरंग बली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, भक्ति और एकता का अद्भुत संगम

**डुमरांव।** रामनवमी के अवसर पर पुराना भोजपुर चौक स्थित नव-निर्मित बजरंग बली मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने क्षेत्र में धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामूहिक भागीदारी और आस्था का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जहां आचार्य बबलू ओझा के नेतृत्व में विधि-विधान से पूजा-पाठ, हवन और अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके साथ ही 24 घंटे का अखंड हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से भाग लिया। नवमी के दिन चालीसा पाठ की पूणार्हुति के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और विशेष महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर का निर्माण स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है। पुराने जर्जर ढांचे की जगह बने इस नए मंदिर को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों का मानना है कि मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त करता है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और समरसता को भी मजबूत करता है। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही है।

# डुमरांव में रोशनी का केंद्र बना बुनियाद: मुफ्त नेत्र शिविर से बदल रही हजारों आंखों की दुनिया

- हर दिन उमड़ रही भीड़, बच्चों से बुजुर्ग तक पा रहे जांच, चश्मा और बेहतर इलाज की राह



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में इन दिनों एक ऐसा केंद्र चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां लोगों को न सिर्फ आंखों की रोशनी मिल रही है, बल्कि उम्मीद की एक नई किरण भी दिखाई दे रही है। बुनियाद केंद्र में चल रहा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर अब महज एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि आम लोगों के लिए ह्लरोशनी का सहाराह्व बन चुका है।

23 मार्च से शुरू हुआ यह शिविर लगातार एक माह तक बिना रुके संचालित किया जा रहा है। खास बात यह है कि यहां किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए कोई रोक-टोक नहीं है। छोटे-छोटे स्कूली बच्चे, कामकाजी युवा, गृहिणियां और बुजुर्ग सभी यहां पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवा रहे हैं। जरूरतमंदों को मौके पर ही मुफ्त चश्मा भी दिया जा रहा है, जिससे उनके चेहरे पर तुरंत खुशी झलकने लगती है।

**हर दिन बढ़ रही भीड़, लोगों में जागरूकता का असर**

शिविर में रोजाना दर्जनों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जैसे-जैसे गांवों और आसपास के इलाकों में इसकी जानकारी फैल रही है, वैसे-वैसे भीड़ भी बढ़ती जा रही है। खासकर वे लोग, जो आर्थिक तंगी के कारण कभी डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाते थे, अब यहां आसानी से अपनी जांच करवा पा रहे हैं।

बुनियाद केंद्र के प्रबंधक डॉ. कश्मीरी चौधरी और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पूरी तत्परता से सेवा दे रही है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन कुमार और विजन सेंटर के जिला संयोजक संदीप कुमार के मार्गदर्शन में मरीजों को सटीक परामर्श और उपचार दिया जा रहा है।

**त्योहार में भी नहीं थमी सेवा, सातों दिन खुला शिविर**

इस शिविर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सप्ताह के सातों दिन खुला रहता है। यहां तक कि रामनवमी जैसे बड़े त्योहार पर भी सेवा जारी रही, जिससे कई लोगों को खास राहत मिली। लोग अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दिन आकर जांच करवा सकते हैं।

_ गंभीर मरीजों के लिए भी खास इंतजाम

जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद या अन्य गंभीर समस्या पाई जा रही है, उन्हें तुरंत हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। इससे समय पर बेहतर इलाज मिल रहा है और मरीजों को भटकना नहीं पड़ रहा।

**सरकारी कमी के बीच बना सहारा**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में लंबे समय से नेत्र विशेषज्ञ की कमी के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता था, जो महंगा साबित होता था। ऐसे में यह शिविर खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहल न सिर्फ इलाज दे रही है, बल्कि लोगों को आंखों के प्रति जागरूक भी बना रही है। बुनियाद केंद्र का यह प्रयास अब धीरे-धीरे पूरे इलाके में ह्लउम्मीद की रोशनीह्व के रूप में पहचान बना रहा है।




# गंभीर एनीमिया से जूझ रही गर्भवतियों को राहत जिला अस्पताल में शुरू हुआ विशेष इंजेक्शन



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिला अस्पताल में एक नई पहल की शुरूआत की गई है। गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के उपचार के लिए गुरुवार से एफसीएम (फेरिस कार्बोक्सी मालटोज) इंजेक्शन कार्यक्रम लागू कर दिया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की, जिसमें सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारी जुड़े। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. शिव कुमार चक्रवर्ती सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल खास तौर पर उन गर्भवती महिलाओं के लिए है, जो गंभीर एनीमिया से प्रभावित हैं और जिनके लिए सामान्य आयरन दवाएं पर्याप्त असर नहीं कर पातीं। कार्यक्रम के पहले चरण में 20 चयनित गर्भवती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार, इस इंजेक्शन की एक खुराक से ही हीमोग्लोबिन स्तर में तेजी से सुधार संभव है। औसतन 2.5 ग्राम तक हीमोग्लोबिन बढ़ने की संभावना इसे अन्य उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी बनाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर इस तरह का उपचार मिलने से गर्भवती महिलाओं की सेहत में सुधार होगा और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी आएगी। साथ ही मातृ मृत्यु दर को कम करने में भी यह कार्यक्रम सहायक सिद्ध हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसे ह्लस्वस्थ मां, स्वस्थ शिशुह्व अभियान की दिशा में एक अहम कदम बताया है। आने वाले दिनों में इस योजना का विस्तार कर अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।










# भगवामय बना डुमरांव: श्रीराम, जानकी बैठे है मेरे सीने में... एक ही नारा एक ही नाम... जैसे गीतों से गूंजते रहा शहर

## डुमरांव में श्री महाबीरी झंडा पूजा समिति के तत्वावधान में निकाला गया भव्य श्री महाबीरी झंडा जुलूस, देर रात तक जुलूस में परंपराग हथियारों से करतब दिखाते रहे युवा, मुस्तैद रही पुलिस-प्रशासन







- **जुलूस में केरल का कलरी पट्टी बना आकर्षण का केन्द्र, झांकियों को देख भाव विभोर हो रहे थे श्रद्धालु**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में रामनवमी के मौके पर शुक्रवार को भव्य श्री महाबीरी झंडा जलूस निकाला गया। इसकी शुरूआत सुबह में छठिया पोखरा स्थित हनुमान मंदिर में शस्त्र पूजन हुई, जबकि शाम में राजगढ़ के विशाल फाटक से जुलूस का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए, पुनः राजगढ़ पहुंच संपन्न हुआ। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष के साथ ही श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में...., एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्रीराम-जय श्रीराम जैसे गीत भी गूंज रहे थे। जिससे माहौल भक्तिमय बना हुआ था। इस जुलूस के कारण शहर का माहौल भगवान मय बना रहा।

शुभारंभ के मौके पर आयोजन समिति के संयोजक गुप्तेश्वर प्रसाद गुरूजी, संरक्षक सुमित गुप्ता, अध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव, सचिव मनोज केशरी आदि द्वारा एसडीएम राकेश कुमार, एसडीपीओ पोलस्त कुमार, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, राज परिवार के सदस्यों तथा अन्य गणमान्य लोगों को परंपरा के तहत भगवा पगड़ी बांध स्वागत किया गया। राजगढ़ से हाथी, घोड़ा व उंट व गाजे-बाजे के साथ निकला जुलूस शहर के चौक रोड, शहीद स्मारक, नया तालाब, स्टेशन रोड राजगोला रोड होते हुए देर रात राजगढ़ पहुंच संपन्न हुआ। इस दौरान रास्ते में जुलूस में शामिल युवा तलवार, लाठी-डंडा, गदा आदि पर करतब दिखा रहे थे। जबकि जुलूस में का खास आकर्षण केरल का प्रसिद्ध कलरी पट्टी (कला प्रदर्शन) रहा। इसके अलावे मध्यप्रदेश व वाराणसी के बैंड बाजे, प्रयागराज व कानपुर की झांकी, बलिया का डमरू तथा वाराणसी का झाला बाजा के अलावे झांकियों में मां काली की भाव भंगिमा, शिव तांडव, अघोर नृत्य, भष्म आरती तथा समुद्र मंथन को लोगों ने खूब पसंद किया तथा करतल ध्वनियों व जयकारे से स्वागत किया। जबकि वीर हनुमान व रामदरबार की जीवंत प्रस्तुति की भी सराहना हुई। इस जुलूस को ले आयोजन समिति द्वारा पूरे शहर को पहले ही भगवा झंडे से सजा दिया गया है। जुलूस को संपन्न कराने में आयोजन समिति के संयोजक गुप्तेश्वर प्रसाद गुरूजी, संरक्षक सुमित गुप्ता, अध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पवन केशरी, अनिल कुमार, दीपक रौनियार, सचिव मनोज केशरी, उप सचिव कृष्ण मुरारी केशरी, विनोद केशरी, कोषाध्यक्ष नीरज केशरी, उप कोषाध्यक्ष ओमवीर, आशिष केशरी, सूचना प्रभारी दयाशंकर प्रसाद समेत कई अन्य कार्यकताओं ने सराहनीय भूमिका निभाई।



### जगह-जगह किया जा रहा था स्वागत

जुलूस जैसे ही राजगढ़ से निकला शहरवासियों ने जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद जैसे-जैसे जुलूस का कारवां आगे बढ़ते गया, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ते गई। चौक रोड, शहीद स्मारक, नया तालाब रोड, स्टेशन रोड, राजगोला रोड आदि सभी मार्गों पर जुलूस का स्वागत अलग-अलग तरीकों से किया जा रहा था। कही लोग पुष्प की वर्षा कर रहे थे तो कही जुलूस में शामिल लोगों को जलपान कराया जा रहा था। कई जगहों पर स्टाल लगा शरबत व पेयजल का वितरण भी किया जा रहा था।

### देर रात तक बना रहा आकर्षण

देर रात तक यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजर रहा था। जिस मार्ग से जुलूस गुजर रहा था, उस मार्ग पर तिलभर भी जगह नहीं बच पा रही थी। वहीं, शहरवासी इस जुलूस को बडे.ही उत्साह के साथ अपने दरवाजे, छत तथा घरों की खिड़कियों से देख रहे थे। क्या, बच्चे, क्या बूढ़े और क्या महिलाएं, सभी उत्साह से लबरेज नजर आ रहे थे।

### चप्पे-चप्पे पर मौजूद रही पुलिस

जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही। इस जुलस को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए पुलिस ने खास तैयारी की थी। पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च निकाल लोगों को शांतिपूर्ण व भाईचारे के माहौल में रामनवमी मनाने व जुलूस निकालने का संदेश दिया गया था। वहीं, जुलूस के दौरान डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस टीम चप्पे-चप्पे पर मौजूद रही। जुलूस के आगे, पीछे और बीच में एक कतार बना पुलिस के अधिकारी व जवान मुश्तैदी दिखा रहे थे। जुलूस के मद्देनजर पुलिस लाइन से अतिरिक्त जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं, एहतियात के तौर पर जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित की गई थी, जबकि शहर में वाहनों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगाई गई थी।







# जय श्री राम के नारों से गूंजा डुमरांव युवाओं ने दिखाई एकता की ताकत



- **रामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की भव्य बाइक शोभायात्रा, हजारों की भागीदारी, चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को डुमरांव की सड़कों पर आस्था, उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा ने पूरे नगर को ह्लजय श्री रामह्व और ह्लवंदे मातरमह्व के गगनभेदी नारों से गुंजायमान कर दिया। सुबह से ही सैकड़ों बाइक सवार युवा भगवा ध्वज के साथ एकत्रित होने लगे। देखते ही देखते यह संख्या हजारों में बदल गई और पूरा शहर एक विशाल कारवां में तब्दील हो गया। शोभायात्रा नगर पंचित मां काली आश्रम से शुरू हो नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई आगे बढ़ी, जहां जगह-जगह स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर और स्वागत द्वार बनाकर इसका अभिनंदन किया।

इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अनुशासन के साथ चल रही इस शोभायात्रा में भक्ति और जोश का अनूठा मेल नजर आया। डीजे की धुनों पर देशभक्ति और धार्मिक गीतों के बीच युवा झूमते नजर आए, वहीं कई जगहों पर लोगों ने जलपान की भी व्यवस्था की थी। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। प्रखंड अध्यक्ष संटू मित्रा ने कहा कि डुमरांव में हर वर्ष रामनवमी पर यह बाइक शोभायात्रा निकाली जाती है, और इस बार भी इसे भव्य रूप दिया गया है। उन्होंने सभी युवाओं और कार्यकताओं के उत्साह की सराहना की। इस भव्य आयोजन में कार्यक्रम अध्यक्ष विकास कुमार, प्रखंड महासचिव अभिषेक रंजन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं राज परिवार के शिवांग विजय सिंह, दीपक यादव, मगन राय, सोनू राय, राजीव कुमार, संतोष कुमार, संतोष शाह, लालजी केसरी, आशीष कुमार, राहुल कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे। शोभायात्रा का नेतृत्व संटू मित्रा, विकास पाठक, शक्ति राय और दीपक यादव जैसे दर्जनों युवाओं ने संभाला, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित और अनुशासित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ आयोजन

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह मुस्तैद रही। डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस बल हर मोर्चे पर तैनात रहा। जुलूस के आगे और पीछे लगातार पुलिस गश्ती दल मौजूद रहा, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और आयोजकों के अनुशासन के कारण पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन के सफल समापन के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।
अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, स्थानीय नागरिकों एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी सहयोग और समन्वय से ही इस प्रकार के भव्य आयोजन सफल हो पाते हैं।





# जय श्री राम जयघोष साथ पीरो में रामनवमी शोभायात्रा शांतिपूर्ण संपन्न



**केटी न्यूज/आरा**

रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी...जैसे मनमोहक गीतों,भजनों व जय श्रीराम के जयघोष के बीच शुक्रवार को पीरो अनुमंडल मुख्यालय में रामनवमी के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके लिए रामनवमी पूजा समिति की ओर से बड़ी तादाद में लोगों को स्थानीय पड़ाव मैदान में आमंत्रित किया गया था। यहां मुख्य मंच से नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय, उप सभापति सुरेन्द्र प्रसाद केशरी, अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से विधिवत तौर पर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। दोपहर दो बजे पड़ाव मैदान से शोभायात्रा शुरू हुई जो लोहिया चौक, पीरो थाना, गांधी चौक, पुराना स्टेशन रोड होते ज्वाला मार्केट, नया बस पडाव, इब्राहिमपुर मोड तक और वहां से पुनः बस पडाव होते बिहियां रोड में ब्लाक गेट, महावीर चौक, दुसाधी बधार मोड, मिल्की मोड, नहर पुल से ओझवलिया मोड पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में हाथी, घोडा, ऊंट, रथ व बैंड बाजा के साथ हजारों की तादाद में लोग जय श्रीराम-जय श्रीराम का जयकारा लगाते उल्लास व उमंग के साथ नाचते गाते दिखाई दिए। शोभायात्रा में राम-लखन-सीता, वीर हनुमान सहित कई देवी-देवताओं की झांकी लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान समाजसेवी अमित गुप्ता, धीरु सिंह, संतोष कुमार सिंह, रवि शंकर गुप्ता, राहुल कुमार, महावीर चौधरी, ओमप्रकाश कुमार, अरुण कुमार सिंह, चंदन कुमार पप्पू सिंह, मुन्ना प्रसाद, संजय कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, सहित कई लोगों द्वारा जगह जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए शीतल पेयजल, मिष्ठान,फल,शर्बत आदि की व्यवस्था की गई थी। जहां लोगों का आपसी सदभाव,सेवा भाव व भाईचारा देखते बन रहा था। शोभायात्रा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन काफी चौकस दिखाई दिया। इसके लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। जबकि अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय,डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह,बीडीओ अशोक कुमार,थानाध्यक्ष दीपक कुमार साह सहित कई अन्य अधिकारी शोभायात्रा संपन्न होने तक मुस्तैद दिखाई दिए।

# रामनवमी पर डाकबंगला में भव्य कार्यक्रम : मनोज तिवारी के गानों पर झूमने लगे लोग, जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा श्रीराम चौक



**एजेंसी। पटना**

रामनवमी के मौके पर डाकबंगला स्थित श्रीराम चौक पर पटना के 52 जगहों से निकाली जाने वाली झांकियों का पहुंचना शुरू हो गया है। इन झांकियों के आयोजक को सम्मानित किया जा रहा है। इसे लेकर डाकबंगला चौराहे पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान भोजपुरी अभिनेता व सिंगर एवं बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने अपनी गीतों से लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया।मनोज तिवारी के गानों को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शोभा यात्रा के संयोजक नितिन नबीन ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी का मंच पर स्वागत किया और उनका अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मंच पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, सीएम के बेटे निशांत कुमार, विजय चौधरी, संजय झा, संजय सरावगी सहित एनडीए के कई नेता मंच पर मौजूद रहे।इन सभी नेताओं का शोभा यात्रा के संयोजक नितिन नबीन में स्वागत और अभिनंदन किया। डाकबंगला के मंच पर निशांत संजय झा और सम्राट चौधरी के बीच बैठे दिख रहे हैं। वही नीतीश कुमार सम्राट चौधरी के बगल में नितिन नबीन के साथ नजर आए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके बाद वहां पहुंचे झांकियों को आरती दिखाई और शोभा यात्रा के आयोजकों को सम्मानित किया। रामनवमी के मौके पर आज पटना के विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इन झांकियों का पटना के डाकबंगला चौराहा स्थित श्रीराम चौक पर पहुंचना शुरू हो गया है। डाकबंगला पर बने मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी सहित एनडीए के कई नेता पहुंचे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झांकियों को सम्मानित किया। डाकबंगला पर आज 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जतायी जा रही है। इस बार झांकियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन पहली बार इस कार्यक्रम में शामिल होकर डाकबंगला पहुंचने वाली झांकियों का स्वागत कर रहे हैं। रामनवमी के मौके पटना के 52 पूजा समितियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। डाकबंगला चौराहे पर रामनवमी के मौके पर पटना से निकाली गई 52 झांकियां धीरे-धीरे श्रीराम चौक पहुंच रहा है, एक-एक कर इन्हें नितिन नबीन सम्मानित कर रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। करीब 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गयी है। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि 5 से 7 लाख तक श्रद्धालु आज डाकबंगला पहुंचेंगे। भीड़ को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मियों की तैयारी की गयी है। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए 1500 जवानों को तैनात किया गया है। वही 500 सीसीटीवी लगाये गये हैं। 10 ड्रोन से पूरे आयोजन पर नजर रखी जाएगी। रामनवमी पर इस बार भव्य आयोजन किया जा रहा है। जो ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ता नजर आ रहा है।

# केसठ में गूंज उठा जय श्री राम के नारे

## रामनवमी के अवसर पर निकाली गई जुलूस,पुलिस की रही तैनाती

**केटी न्यूज/केसठ**

राम नवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में शुक्रवार की अगले सुबह से ही महिला पुरुषों, युवा युवतियों की भीड़ देखी गई।मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद भव्य हवन का अनुष्ठान किया गया था। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की तांता देखी गई, तो वहीं इसी कड़ी में युवकों के द्वारा एक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया था। जिसका नेतृत्व में मोहित दुबे ने किया। जुलूस निकलने के पूर्व सैकड़ों लोगों ने मां भवानी की पूजा अर्चना के तत्पश्चात जुलूस मां भवानी मंदिर के प्रांगण से नया बाजार, पुराना बाजार, का रथ के साथ भ्रमण कर पुनः मां भवानी मंदिर



के प्रांगण में संपन्न हो गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र महावीरी पताको से पटा हुआ था। जो देखने में काफी आकर्षक लग रहा था। वहीं सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने पैदल और मोटरसाइकल से पूरा क्षेत्र का जय श्री राम नारे के साथ भ्रमण किया।जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हो इसको लेकर नावानगर पुलिस चौक चौराहों पर तैनाती दिखी। जुलूस को ले युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। वह इस दौरान युवाओं ने अस्त्र शस्त्रों और डीजे की धुन पर खूब थिरकते नजर आए। मौके पर नावानगर पुलिस के अलावे रामजी चौकीदार,मनोज चौकीदार, रवि चौकीदार,मनु तिवारी,संतोष दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। वहीं जुलूस में जय श्रीराम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान था।

# शराब बेचने का विरोध करने पर दबंगों ने व्यक्ति की पीटकर की हत्या

## परिजनों ने कहा..पुलिस की लापरवाही से हुई मौत

**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के पडुहार गांव से शुक्रवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराबबंदी वाले बिहार में एक व्यक्ति को अवैध शराब बिक्री का विरोध करना इतना महंगा पड़ा कि उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 43 वर्षीय राजेश कुमार राम के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शराब बिक्री का विरोध चुकाना पड़ा जान गंवा कर। जिसके परिजनों ने कहा कि गांव के कुछ लोग उनकी निजी जमीन पर जबरन अवैध शराब बेच रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज



करते हुए लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी।

**मौत के बाद पुलिस पर उठे सवाल :** गंभीर रूप से घायल राजेश राम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि मृतक के छोटे भाई को ही जेल भेज दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को सासाराम सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

# पूणार्हुति भंडारे के साथ संपन्न हुई मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**केटी न्यूज/आरा**



प्रखंड क्षेत्र में आयोजित श्री मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ का शुक्रवार को विधिवत पूणार्हुति एवं भव्य भंडारे के साथ समापन हो गया। वहीं समापन को लेकर पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा ह्लजय माता दी के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। महायज्ञ के अंतिम दिन विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से हवन कराया गया और पूणार्हुति दी गई। वहीं इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । सभी ने श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दूर-दूर से पहुंचे भक्तों के लिए पूजा समिति द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी। सेवा भाव के साथ समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का पूरा ध्यान रखा। जिससे किसी को कोई असुविधा न हो। वहीं देवी जागरण में भोजपुरी गायक मनु राज,गुड्डू छैला,अर्चना राज,केशरी अमर नाथ,नीरज दीवाना,प्रेम पुजारी ने एक से बढ़कर एक देवी गीत गाकर श्रोता का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। महायज्ञ का आयोजन भव्य, शांतिपूर्ण और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। धार्मिक एकता और आस्था का अद्भुत संदेश दिया।

# रामनवमी : जय श्री राम के जयघोष साथ बिक्रमगंज में निकली भव्य शोभायात्रा

- शांतिपूर्ण शोभायात्रा संपन्न कराने के लिए प्रशासन रहा सक्रिय
- राम भक्तों के सेवा में कई जगहों पर लगें रहें विभिन्न तरह के स्टॉल

**केटी न्यूज/रोहतास**

शुक्रवार को भगवान श्री राम रामनवमी सह हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर नगर ने उत्सव का अनुपम संगम देखा। जो पूरे शहर में श्रद्धालुओं और समाजसेवकों की भागीदारी से भव्य शोभायात्राओं ने नगरवासियों के हृदयों में भक्ति और उल्लास का संचार किया । अनुमंडल मुख्यालय और सभी प्रखंडों में पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच यह आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ । नगर के श्री दुर्गा पूजा समिति सासाराम रोड बिक्रमगंज से वैदिक




परंपरा के अनुसार ध्वज पूजन के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में भगवा परिधान में सजे श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष और भजन-कीर्तन के साथ नगर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए नगर को भक्तिमय माहौल से भर दिया । शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों ने नगरवासियों का ध्यान खींचा और हर उम्र के लोगों में उत्साह और आनंद का संचार किया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा जलपान और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई थी। उसी कड़ी में अवध मेडिकेयर सासाराम रोड के निदेशक नेत्र सर्जन डॉ. रवि रंजन और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमारी रूपम ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर श्रद्धालुओं को मौसम के अनुसार ठंडा शरबत और जलपान उपलब्ध कराया । भक्तों ने इस सेवा को अत्यंत सराहा और इसे आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान माना । इस भव्य पर्व में प्रशासन की सतर्कता भी साफ देखी गई । बिक्रमगंज डीएसपी सिंधु शेखर सिंह, बीडीओ सुनील कुमार गौतम, थानाध्यक्ष ललन कुमार सहित कई अधिकारी तेंदुनी चौक और अन्य मुख्य मार्गो पर मुस्तैदी से तैनात रहे। उनके प्रयासों से शोभायात्रा पूरी तरह अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई,जिससे नगरवासियों ने सुरक्षा और व्यवस्था दोनों का अनुभव किया। नगर वासियों और श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को भक्ति,उत्साह और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। अवसर पर भगवा परिधान में सजे श्रद्धालु,समाजसेवक और प्रशासन के समन्वय से भगवान श्रीं राम की भव्य शोभायात्रा बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक पर्व बना गया।

## एक नजर

### बाइक चोर गिरोह का रोहतास पुलिस ने किया उद्भेदन

**डेहरी ।** जिले में बाइक चोरी के बढ़ते मामले को गंभीरता से लेते हुए रोहतास पुलिस ने की कार्रवाई, इस कार्रवाई के दौरान हुआ बड़ा खुलासा। डेहरी नगर और इंद्रपुरी थाना क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए दस मोटर साईकिल सहित चोरी के मामलों का सफल उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने डेहरी नगर थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चोरी के मामलों में संदिग्ध मोहम्मद इरशाद राइन उर्फ शेरा को डेहरी से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी की दस मोटरसाइकिलें बरामद की गईं है। इरशाद राइन के सहयोगी रंजीत भुइयां और बिट्टू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जहां चोरी की मोटरसाइकिलें बेची जाती थीं। तीनों अभियुक्तों ने चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद इरशाद राइन दिन में फल बेचने का काम करता था। उसकी निशानदेही पर रात में मोटरसाइकिलें चोरी की जाती थीं। चोरी के बाद मोटरसाइकिलों को सुनसान जगहों पर रखा जाता था, जिसके बाद रंजीत भुइयां और बिट्टू कुमार उन्हें बेच देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त बाईकों के अलावा लॉक तोड़ने वाली चाबियां और अन्य संबंधित सामग्री भी बरामद की है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### कन्या पूजन के साथ गायत्री नवरात्र अनुष्ठान संपन्न

**बिक्रमगंज।** शुक्रवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नवरात्र अनुष्ठान की पूणार्हुति हवन,यज्ञ एवं कन्या पूजन के साथ बिक्रमगंज गायत्री मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रस्टी जयप्रकाश सिंह एवं संचालन ट्रस्टी चितरंजन सिंह ने की । देश की एकता,अखंडता एवं शूचिता हेतु विशेष आहुति दी गई । नवीन चंद्र साह ने उपस्थित कन्या एवं मां बहनों से जयघोष लगवाई । गायत्री माता की जय,वेद भगवान की जय,सत्य सनातन धर्म की जय,भारतीय संस्कृति की जय,एक बनेंगे.. नेक बनेंगे। व्यास पीठ के माध्यम से विशेष आग्रह किया गया। जो 21वीं सदी का हमारा संविधान,हमारा युग निर्माण सत्संगकल्प पर विशेष बल दिया गया तथा नियमित रूप से अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना पत्रिका स्वाध्याय करने का आग्रह किया गया । स्थान के शुभ अवसर पर गायत्री परिजन भाई रमन साह,सुशीला देवी,अरविंद सिंह, सुदर्शन प्रसाद वैश्य,कृष्णकांत सिंह, शंभू शरण सिंह,सुनैना देवी,किरण देवी,धनंजय शर्मा,कुसुम तिवारी सहित अन्य लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन भंडारे एवं आरती प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ।

### राजस्व संग्रहण काउंटर की सुविधा उपभोक्ता ले सकेंगे 31मार्च तक : ईएसई

**बिक्रमगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के मद्देनजर राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की प्राप्ति एवं उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विद्युत अधीक्षण अभियंता,सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि दिनांक 29 मार्च (रविवार) एवं 31 मार्च मंगलवार को जिले के सभी राजस्व संग्रहण काउंटर यथावत खुले रहेंगे। सामान्यतः अवकाश रहने के बावजूद इन तिथियों पर काउंटर संचालित किए जाएंगे ताकि उपभोक्ता आसानी से अपना विद्युत विपत्र (बिल) जमा कर सकें। विभाग द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर काउंटर का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें एवं उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस विशेष व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपने बकाया विद्युत बिल का समय पर भुगतान करें। समय पर बिल जमा करने से जहां एक ओर उपभोक्ता विलंब शुल्क से बच सकेंगे,वहीं दूसरी ओर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में भी सहयोग मिलेगा।

### भगवान श्री राम के जयघोष साथ निकली रामनवमी की भव्य शोभायात्रा

**अगिआंव ।** प्रखंड के नारायणपुर में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा युवाओं द्वारा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम का नाम से गूंज उठा पूरा माहौल। शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ो श्रधालुओं ने जय श्री राम जय श्री राम लगे जय घोष किया। शोभायात्रा में हाथी घोड़े के साथ राम जानकी राम सीता हनुमान समेत अन्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा ।इस दौरान नारायणपुर दुर्गा मंदिर प्रांगण से लेकर गांव की गलियों में चौक चौराहे होते हुए बाजार समेत ब्रह्म स्थान पर जाकर विसर्जन किया गया। वहा प्रसाद ग्रहण के करने के बाद पुण शोभा यात्रा की समाप्ति की गई। इस दौरान सेवथा पंचायत मुखिया गजेंद्र सिंह,कमलेश कुमार,श्री राम सिंह, संदीप श्रीवास्तव,विनय कुमार,मधुरेंद्र सिंह,सुधीर कुमार सिंह, सुरेंद्र यादव,बृजेश कुमार सिंह, अजय सिंह,अजीत कुमार,मनोज सिंह, बालमुकुंद सिंह,राजेंद्र सिंह, कमरुद्दीन समेत सैकड़ों युवाओं ने शोभायात्रा में शामिल हो भव्य बनाया। आयोजित शोभायात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में सार्थक प्रबंध होने के कारण आयोजन में और भी प्रस्तुति दिखाई दिया।

### पंचायती राज मंत्री दिव्यांग कारीगरों से मिल उनके हुनर को सराहा

**जगदीशपुर।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक आनंद ने शुक्रवार को 'जन विकास क्रांति' के कुशल युवा कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाबार्ड समर्थित 'भोजपुरिया क्राफ्ट' के दिव्यांग कारीगरों से मुलाकात कर उनके हुनर की सराहना की। मंत्री ने कहा कि दिव्यांग साथियों का नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम समाज के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में कारीगरों ने उन्हें वीर कुंवर सिंह की लकड़ी से बनी प्रतिमा भेंट की। कारीगरों के कार्यों को सराहा और संवाद किया। आत्मनिर्भरता और नवाचार पर जोर दिया। साथ ही स्थानीय स्तर पर हुनर को तराशने और दिव्यांगों को सशक्त बनाने के ये प्रयास समाज के लिए एक मिसाल हैं। अवसर पर सुनील कुमार,महासचिव डॉ. हिमराज सिंह,मुकेश कुमार सिंह,संतोष कुमार सिंह, श्री राजाराम सिंह, भोजपुरिया क्राफ्ट की निदेशक कुमारी स्नेहा सिंह समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

### रामनवमी पर जय श्री राम जयकारे साथ भक्तों ने निकाला भव्य शोभायात्रा

**रजौली।** प्रखंड अंतर्गत सवैयाटांड में रामनवमी के पावन अवसर पर पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर चारों ओर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सवैयाटांड में रामनवमी का पर्व इस बार भी पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। गांव-गांव में भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया है।पुरानी परंपरा के अनुसार नवमी के दिन सपही गोदाम से भव्य जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न गांवों का भ्रमण करता हुआ एक स्थान पर एकत्रित हुआ। इस दौरान जगह-जगह आकर्षक अखाड़े सजाए गए, जहां युवाओं ने परंपरागत हथियारों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए।अखाड़ों में तलवारबाजी, लाठी और अन्य पारंपरिक हथियारों के प्रदर्शन ने लोगों को रोमांचित कर दिया। श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।रामनवमी के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।ड्यूटी में सिंचाई विभाग के जेई दीपक कुमार मधुकर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहे, वहीं एएसआई राहुल कुमार सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी में जुटे रहे।

# बिहार सरकार का बड़ा प्लान! अब छोटे प्लॉट पर भी बनेंगे लग्जरी हाई-राइज फ्लैट्स

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। बढ़ती आबादी, तेजी से शहरीकरण और जमीन की लगातार बढ़ती कीमतों को देखते हुए सरकार फ्लोर एरिया रेशियो को दोगुना करने की योजना पर काम कर रही है। इस फैसले के लागू होने के बाद बिहार के शहरों में कम जमीन पर भी ऊंची और बड़े क्षेत्रफल वाली इमारतों का निर्माण संभव हो सकेगा। राज्य के



नगर विकास विभाग ने इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे जल्द ही राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद यह नया नियम पूरे राज्य के शहरी निकायों में लागू कर दिया जाएगा। अभी तक बिहार के शहरी क्षेत्रों में फ्लोर एरिया रेशियो का मान लगभग 2.5 से 3 के बीच सीमित है। इसका सीधा असर यह होता है कि लोग अपनी जमीन का पूरा उपयोग नहीं कर पाते और भवनों की ऊंचाई पर भी कई तरह की पाबंदियां रहती हैं। इसी कारण घनी आबादी वाले शहरों में आवासीय और व्यावसायिक निर्माण सीमित रह जाता है। लेकिन नए प्रस्ताव के तहत इसे बढ़ाकर 5.5 से 6 तक करने की योजना है। इसका अर्थ यह है कि अब किसी भी व्यक्ति या बिल्डर को अपनी जमीन के मुकाबले लगभग दोगुना निर्माण क्षेत्र मिलेगा। छोटे भूखंडों पर भी अब मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, बड़े फ्लैट्स और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाना आसान हो जाएगा।सरकारी योजनाएं जानकारी नगर विकास विभाग केवल ऋअफ बढ़ाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बिल्डिंग बायलॉज में भी बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं। खासकर सेटबैक नियमों में ढील देने की तैयारी है, जिससे निर्माण क्षेत्र और बढ़ सके। प्रस्ताव के अनुसार अब कुल भूमि के लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्से तक निर्माण की अनुमति दी जा सकती है, जबकि पहले यह सीमा करीब 40 प्रतिशत तक सीमित थी। इस बदलाव से शहरों में जमीन का अधिकतम उपयोग संभव होगा और रियल एस्टेट सेक्टर को भी बड़ा फायदा मिलेगा। छोटे भूखंडों पर भी बड़े आवासीय टावर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और ऑफिस बिल्डिंग बनाना संभव हो सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला मध्यम वर्ग के लिए काफी राहत भरा साबित हो सकता है। बढ़ती जमीन की कीमतों के बीच लोग अब अपने छोटे प्लॉट पर भी बेहतर और ऊंचे मकान बना सकेंगे।

# हड़ताल से नहीं लौटने वालों पर करेंगे सख्त कार्रवाई विजय सिन्हा बोले- जनता को परेशान नहीं होंगे देंगे



**एजेंसी/पटना**

बिहार में अब भी राजस्व सेवा के कई अधिकारी हड़ताल पर हैं। इनके कारण अंचल और राजस्व कार्यालयों में जमीन से काम करवाने जा रहे लोगों को परेशानी हो रही है। इन सबको देखते हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बड़ा कदम उठाया है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों की हड़ताल के बीच भी बिहार में राजस्व कार्यों की गति पर खास असर नहीं पड़ा है। सरकार जनहित के कार्यों को बाधित नहीं होने देगी और इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी अंचल अधिकारियों को 25 मार्च की शाम 5 बजे तक कार्य पर लौटने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद अब तक दो दर्जन से अधिक अधिकारियों के वापस लौटने की सूचना है। उन्होंने कहा कि सभी अंचलों का प्रभार अधिकारियों को दे दिया गया है। अभी 273 अंचल अधिकारी कार्यरत हैं। सभी को अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य की व्यवस्था बनाई जा रही है। समयसीमा के भीतर लौटे सभी अधिकारियों को सदर अंचलों का प्रभार सौंपा जा रहा है, जबकि अन्य लौटे अधिकारियों को भी जल्द विभिन्न अंचलों की जिम्मेदारी दी जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए सेवानिवृत्त अंचल अधिकारियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। राजस्व महा अभियान के तहत प्राप्त 46 लाख आवेदनों के निष्पादन में इनकी सेवाएं ली जाएंगी और उन्हें निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो अंचलाधिकारी अब तक कार्य पर नहीं लौटे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। सरकार अनुशासनहीनता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

## अवकाश के बावजूद कार्यों का निष्पादन तेज गति से जारी है

प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि 9 मार्च से जारी सामूहिक अवकाश के बावजूद कार्यों का निष्पादन तेज गति से जारी है। अब तक 12,163 दाखिल-खारिज मामलों का निपटारा किया गया है। परिमार्जन प्लस के तहत 38,672 जमाबंदियों में सुधार तथा 16,777 छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन किया गया है। इसके अलावा ई-मापी के 4,431 मामलों का भी निष्पादन किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अधिकारी सरकार और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, उन्हें सरकार पूरा सम्मान देगी और राज्य में पारदर्शी एवं जवाबदेह राजस्व प्रशासन सुनिश्चित किया जाएगा।

## हड़ताल के बावजूद राजस्व कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

प्रेस वार्ता के दौरान विभाग ने आंकड़ों के जरिए बताया कि सामूहिक अवकाश के बावजूद काम थमा नहीं है। विभाग द्वारा अब तक

- 12,163 दाखिल-खारिज मामलों का निपटारा किया गया।
- 38,672 जमाबंदियों में 'परिमार्जन प्लस' के तहत सुधार किया गया।
- 16,777 छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन पोर्टल पर जोड़ा गया।
- 4,431 ई-मापी के मामलों का निष्पादन हुआ।

## एक नजर

### बेतिया में ठेकेदार के बॉडीगार्ड की संदिग्ध मौत, कमरे में शव मिलने से मचा हड़कंप

**बेतिया।** बेतिया से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक नामचीन ठेकेदार के निजी अंगरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पंजाब के सोलहपुर गांव का रहने वाला था और पिछले कई वर्षों से ठेकेदार नसीम अहमद के साथ सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात गुरप्रीत सिंह ने सिर में तेज दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद वह अपने कमरे में आराम करने चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। सुबह काफी देर तक जब उसने दरवाजा नहीं खोला और आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई, जहां गुरप्रीत सिंह अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से मृतक की लाइसेंसी बंदूक भी बरामद की गई है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। फिलहाल सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### बेगूसराय में बालू माफिया पर बड़ा प्रहार: अभियान में 3 वाहन जब्त, लाइनर सहित 3 गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात छापेमारी कर बालू माफियाओं के नेटवर्क पर सीधा प्रहार किया। इस दौरान तीन वाहनों को जब्त किया गया, जबकि अवैध परिवहन से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई तेघड़ा थाना क्षेत्र में 25 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे की गई। पुलिस टीम घटकिन्डी दुर्गास्थान गुप्ता बांध के पास गश्ती पर थी, तभी ग्रामीण सड़क पर संदिग्ध तरीके से बालू लदे वाहन दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई और वे भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, मुस्तैद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और तीन वाहनों को पकड़ लिया।इस दौरान ट्रैक्टर चालक शिवम कुमार (19), ट्रक चालक देवानंद पासवान (30) और अवैध बालू परिवहन के कथित संचालक सुधीर सिंह (40) को मौके से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि सुधीर सिंह ह्वलाइनरह्व की भूमिका निभा रहा था, जो बालू लदे वाहनों को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराता था और पुलिस की गतिविधियों की जानकारी देकर उन्हें बचाने का काम करता था। वहीं, एक अन्य चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।जब्त किए गए वाहनों में एक दस चक्का ट्रक (BR09M-4425), एक बिना नंबर का ट्रक और एक ट्रैक्टर (पावर ट्रैक एवफ्ड 42ए1) शामिल है। अगले दिन 26 मार्च को थाना परिसर में खनन विभाग द्वारा की गई जांच में इन वाहनों से कुल 36 मीट्रिक टन अवैध बालू बरामद किया गया।

# रामनवमी पर दर्दनाक हादसा, गंगा में स्नान के दौरान दो चचेरी बहनों की डूबकर मौत, गांव में शोक की लहर



**एजेंसी/पटना**

वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर पश्चिमी पंचायत के कुरथा घाट गंगा नदी में रामनवमी के मौके पर स्नान करने के दौरान दो चचेरी बहनों की डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। रामनवमी पूजा की खुशी मातम में बदल गई। मृतक राघोपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर निवासी सुलिन्द्र सिंह की 13 वर्षीय पुत्री सुरभि कुमारी उर्फ संतो कुमारी एवं रंजीत सिंह की 14 वर्षीय पुत्री रीना कुमारी थीं। घटना के बाद स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, रामनवमी पूजा के मौके पर अपने परिवार के साथ रंजीत सिंह की 14 वर्षीय पुत्री रीना कुमारी एवं सुलिन्द्र सिंह की 13 वर्षीय पुत्री सुरभि कुमारी उर्फ सत्तो कुमारी गंगा नदी में स्नान करने के लिए गई थीं। गंगा नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी में दोनों बच्चियां डूब गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे गहरे पानी में डूब गईं।मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया चंदन सिंह एवं स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी स्थानीय थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से सुरभि को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतकों के परिजनों ने बताया कि रामनवमी पर्व के मौके पर दोनों चचेरी बहनें परिवार के साथ गंगा नदी में स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान दोनों बहनें डूब गईं। सुरभि कुमारी उर्फ संतो कुमारी कक्षा छह में पढ़ती थी और वह एक भाई व पांच बहनों में सबसे छोटी थी। वहीं रीना कुमारी कक्षा पांच में पढ़ती थी और वह एक भाई तथा तीन बहनों में तीसरे नंबर पर थी।घटना के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब चार घंटे बाद दूसरी किशोरी को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी भी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में जुड़ावनपुर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा ने बताया कि राघोपुर पश्चिमी पंचायत स्थित गंगा नदी में नहाने के दौरान दो बच्चियां डूब गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। दोनों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां उनका

# जय श्री राम के नारों से गूंजा पटना का महावीर मंदिर, रामनवमी के मौके पर 1 किमी लंबी लाइन



**एजेंसी/पटना**

रामनवमी के पावन अवसर पर महावीर मंदिर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पटना समेत आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में भक्त भगवान राम के दर्शन के लिए पहुंचे। पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया, जहां हर तरफ भक्ति गीत, भजन और जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी।मंदिर प्रशासन ने रामनवमी को लेकर विशेष तैयारियां की थीं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पुलिस बल के साथ-साथ स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी, जो श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराने में जुटे थे। मंदिर के प्रवेश और निकास द्वारों को अलग-अलग रखा गया था, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, भीड़ का उत्साह भी बढ़ता गया। भक्त ह्लजय श्री रामह्व और ह्लहनुमान जी की जयह्व के उद्घोष के साथ मंदिर में प्रवेश कर रहे थे। कई श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान राम की पूजा-अर्चना कर रहे थे और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे थे।रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी लाइटें, फूलों की सजावट और विशेष झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान राम के जन्म की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसे देखने के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोगों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मंदिर में विशेष पूजा और आरती का आयोजन भी किया गया। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर के समय भगवान राम के जन्म का प्रतीकात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें घंटों और शंखनाद के बीच पूरा मंदिर परिसर

# पटना में मामूली विवाद बना बवाल: फायरिंग से मची दहशत, पुलिस ने 21 आरोपियों को दबोचा

**एजेंसी/पटना**

राजधानी पटना के मनेर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक मामूली विवाद ने अचानक ऐसा खतरनाक रूप ले लिया, जिसने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। छितनावां गांव के पास स्थित एक छोटी पुलिया पर शुरू हुई बच्चों की कहासुनी धीरे-धीरे दो पक्षों के बीच बड़े टकराव में बदल गई। शुरूआत में यह एक सामान्य झगड़ा था, लेकिन कुछ ही देर में दोनों पक्षों के परिजन और स्थानीय लोग वहां इकट्ठा हो गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। देखते ही देखते बहस ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। हालात इतने बिगड़ गए कि पत्थरबाजी होने लगी और फिर अचानक फायरिंग की आवाजें गूंजने लगीं। गोली चलने की खबर से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग डर के मारे अपने घरों में दुबक गए, जबकि कई लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए। यह पूरा घटनाक्रम कुछ ही मिनटों में इतना भयावह हो गया कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला।घटना की सूचना मिलते ही



पुलिस तुरंत हरकत में आई। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निर्देश पर मनेर थाना की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस ने बिना देर किए इलाके में छापेमारी शुरू कर दी और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। बाद में कार्रवाई के दौरान कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा, इस मामले में 4 नाबालिगों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस की सख्त कार्रवाई के दौरान मौके से हथियार और अन्य सबूत भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने 2 देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस और 7 खोखा जब्त किए हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि विवाद के दौरान वास्तव में फायरिंग की गई थी। इन बरामदगी के बाद पुलिस ने मामले को और गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है।इस हिंसक झड़प में कम से कम तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना ने न सिर्फ प्रभावित परिवारों को झकझोर दिया है, बल्कि पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# पटना, बेगूसराय, समेत कई जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट



**एजेंसी/पटना**

रामनवमी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ है। पटना के महावीर मंदिर समेत कई जगह श्रद्धालुओं लंबी कतार में खड़े हैं। शोभा यात्रा निकली है। सड़क पर राम भक्तों की भीड़ है। इस बीच अचानक मौसम ने करवट ले ली। पटना समेत कई जिलों में तेज हवा चल रही है। कई जगह बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, बेगसूराय, भोजपुर, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पटना, समस्तीपुर, सारण, वैशाली तेज हवा के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि इन जिलों में अगले तीन घंटे के अंदर मेघ गर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि के साथ 50 से 60 किली घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आम लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की। कहा कि यदि आप खुली जगह पर हैं तो जल्द से जल्द पक्के मकान में शरण ले लें। ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभो से दूर रहें। खेतों की ओर से नहीं जाएं। मौसम सामान्य होने तक का इंतजार करें। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार में अगले 48 घंटों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की संभावना है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो सकती है। इसी तरह, न्यूनतम तापमान में भी अगले 48 घंटों के दौरान 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के आसार हैं, जिसके बाद इसमें क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान सामान्य दायरे में रहा, हालांकि आने वाले दिनों में इसमें बदलाव के संकेत हैं। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस भभुआ (कैमूर) में दर्ज किया गया, जबकि अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 29.9 से 37.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो सबसे कम 17.5 डिग्री सेल्सियस डेहरी (रोहतास) में रिकॉर्ड किया गया। राज्य में न्यूनतम तापमान 17.5 से 22.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की हल्की वृद्धि दर्ज की गई।

# वैशाली में दर्दनाक हादसा : गंगा में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**एजेंसी/पटना**

वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। लालबाबा के मठ के पास गंगा में डूबने से दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही जुड़ावनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चियों की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद दोनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान चाई टोला पश्चिम पंचायत, वार्ड नंबर 11 निवासी रणजीत सिंह की 11 वर्षीय पुत्री रीना कुमारी और सुरेंद्र सिंह की 13 वर्षीय पुत्री सुरभि कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चियां चैत नवमी के अवसर पर परिवार के साथ गंगा स्नान करने गई थीं। इसी दौरान गहरे पानी में जाने के कारण यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि रीना कुमारी पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी और सातवीं कक्षा में पढ़ती थी, जबकि सुरभि कुमारी छह भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और आठवीं कक्षा की छात्रा थी। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है और पूरे गांव में शोक का माहौल है।